48

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अंतिम दिनांक 30/03/2011

वर्ग 1 बैठक का दिनांक 08/04/2011 विभाग का नाम पंचायत और ग्रामीण विकास

विषय:- बसामन मामा में टमस नदी पर एनीकट निर्माण के संबध में ।

(तारांकित प्रश्न क्रमांक 4763) श्री अभय कुमार मिश्रा

क्या सामाजिक न्याय मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सेमरिया विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बसामन मामा के समीप टमस नदी का जल उत्तरप्रदेश में जाने से 1 कि.मी.पहले 3 मीटर ऊंचाई का एनीकट आयुक्त रीवा संभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किया गया था, एवं जिसका भूमि पूजन माननीय मंत्री महोदय जल संसाधन द्वारा मई,2010 में किया गया, जिसमें कलेक्टर रीवा, जनसंपर्क अधिकारी रीवा भी उपस्थित थे ?

(ख) उक्त भूमि पूजन के कार्यक्रम सम्पादन हेतु सिंचाई विभाग द्वारा कितनी राशि का व्यय किया गया था, एव विभिन्न अखबारों में विज्ञापन तथा जनसंपर्क विभाग द्वारा समाचार प्रकाशित कराया गया ?

(ग) क्या भूमि पूजन से लेकर आज दिनांक तक छः माह के उपरांत भी प्रथम किश्त जारी कर रोक दी गई ? यदि हाँ तो क्यों ?

(घ) क्या कार्य स्वीकृति के छः माह उपरांत भी राशि का न जारी किया जाना एवं कार्य न प्रारम्भ करना जनता के साथ धोखाधड़ी नहीं है,एवं इस हेतु कौन दोषी है ? क्या दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी ? यदि हाँ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों एवं कार्य कब तक प्रारम्भ किया जावेगा ?

स्वीकृत

म.प्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद,
(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन गठित पंजीकृत संस्था)
59, सी–विंग नर्मदा भवन, द्वितीय तल अरेरा हिल्स भोपाल

St-05/P-16

क्रमांक 2997/वि.स./एनआर–11/2011 भोपाल, दिनांक : 19/03/2011

प्रतिलिपि –

1. कलेक्टर/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जि.पं. रीवा म.प्र. की ओर विधानसभा प्रश्न की प्रति संलग्न कर लेख है कि उक्त प्रश्न का उत्तर दिनांक 24/03/2011 तक निश्चित रूप से इस कार्यालय को 10 प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. आयुक्त रीवा संभाग की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
3. मुख्य अभियंता, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद, मुख्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।

(प्रद्युम्न शर्मा) 19/3/2011
संचालक
जन.शि.एवंगुण.नि.प्रको.
म.प्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद,भोपाल
कार्या. फोन नं. 0755–2551489 फक्स 2550094
rdcmp@yahoo.com